1 अब यह चिड़िया कहाँ रहेगी?

आओ कविता गाओ (Learning Skill)

आँधी आई ज़ोर-शोर से,
डाली टूटी है झकोर से,
उड़ा घोसला बेचारी का,
किससे अपनी बात कहेगी,
अब यह चिड़िया कहाँ रहेगी?

घर में पेड़ कहाँ से लाएँ,
कैसे यह घोसला बनाएँ,
कैसे फूटे अंडे जोड़ें,
किससे यह सब बात कहेगी,
अब यह चिड़िया कहाँ रहेगी?

कुछ संकेत

कक्षा में बच्चों को एक-साथ कविता गाने का अभ्यास कराएँ। उनसे पूछें-चिड़िया कहाँ रहती है? क्या खाती है? क्या उन्होंने कभी कोई चिड़िया पाली है? कविता गाते समय बच्चों को चिड़िया की आवाज़ निकालने को भी कहें।

51902608_51804952_Acevision_Busy Bees Hindi Paathmala 2_8.5 x 11_Txt.pdf 10 01/11/2019 12:45:46 PM

सुनो और बोलो (Listening and Speaking Skill)

शब्द-अर्थ

झकोर	-	झटके से
घोसला	-	सूखे तिनकों से बना चिड़िया का घर

अब तक क्या सीखा (Learning and Writing Skill)

1. बताओ-

(क) चिड़िया कहाँ रहती है?

(ख) ज़ोर-शोर से क्या आई?

(ग) डाली कैसे टूट गई?

(घ) चिड़िया के अंडों का क्या हुआ?

2. सही उत्तर पर (✓) लगाओ और वाक्य पूरे करो-

(क) ज़ोर-शोर से .... आई।

बारिश ☐ आँधी ☐

(ख) डाली टूटी है .... से।

झकोर ☐ आराम ☐

(ग) अब यह .... कहाँ रहेगी?

चिड़िया ☐ मैना ☐

(घ) कैसे फूटे .... जोड़ें।

बरतन ☐ अंडे ☐

51902608_51804952_Acevision_Busy Bees Hindi Paathmala 2_8.5 x 11_Txt.pdf 11 01/11/2019 12:45:46 PM

भाषा-ज्ञानी बनो (Language Skill)

1. एक से अनेक बनाओ-

(i) डाली – ....डालियाँ..........

(ii) घोसला – ....

(iii) चिड़िया – ....

(iv) अंडा – ....

(v) बात – ....

2. सही शब्द चुनकर ◯ लगाओ-

आँदी	आँधी	आँधि
घोसला	घोसाला	घोसल
पड़े	पेंड़	पेड़
चिड़िया	चिड़ीया	चीड़िया

3. ध्यान से देखो और लिखो-

झकोर – .... चिड़िया – ....

घोसला – .... अंडे – ....

आँधी – .... बनाए – ....

51902608_51804952_Acevision_Busy Bees Hindi Paathmala 2_8.5 x 11_Txt.pdf 12 01/11/2019 12:45:46 PM

करके देखो (Creative Skill)

- चिड़िया चीं-चीं करती है। चिड़िया की आवाज़ निकालने की कोशिश करो।
- सूखे तिनकों से चिड़िया का घोसला बनाओ और उसे कक्षा में सजाओ।
- कक्षा में बातचीत करो- चिड़िया क्या खाती है? कहाँ रहती है? उसके अंडे कैसे दिखते हैं? अपने आस-पास तुमने कैसी चिड़ियाँ देखी हैं?

साथ मिलकर गाओ-

चिड़िया के थे बच्चे चार,
निकले घर से पंख पखार।

पूरब से पश्चिम को आए,
उत्तर से दक्षिण को आए।

उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम
देख लिया हमने जग सारा।

अपना घर है सबसे प्यारा!



51902608_51804952_Acevision_Busy Bees Hindi Paathmala 2_8.5 x 11_Txt.pdf 13 01/11/2019 12:45:46 PM